
# Page Three Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

- Recruitment
- Property
- Business Opportunity
- Vehicles
- Announcements
- Antiques & Collectables
- Barter
- Books
- Computers
- Domain Names
- Education
- Miscellaneous
- Entertainment & Event
- Hobbies & Interests
- Services
- Jewellery & Watches
- Music
- Obituary
- Pets & Animals
- Retail
- Sales & Bargains
- Health & Sports
- Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# विकास में मील का पत्थर साबित होगी तवाघाट लिपूलेख सड़क

**कामयाबी**

■यात्रियों को पहाड के जोखिम भरे रास्तों से पैदल नही जाना पड़ेगा

## 12 साल बाद सत्रह हजार फीट की उचाई में सड़क बनकर हुई तैयार



**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट**

पिथौरागढ। लंबे जददोजहद के बाद आखिरकार बीआरओ की मेहनत रंग लाई है। गर्बाधार से चीनसीमा तक पहली सडक बनकर तैयार हो चुकी है। बता दें कि अब आसानी से चीन सीमा तक वाहनों से आसानी से आवाजाही हो सकेगी।

जानकारी के मुताबिक बीते शुक्रवार को रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने सडक का ई सेवा से विधिवत उदघाटन किया। इस मार्ग पर यातायात बहाल होने से यात्रा एक सप्ताह में पूरी हो जायेगी। वही जानकारी के मुताबिक अब कैलास मानसरोवर यात्रा में आने वाले यात्रियों को पहाड के जोखिम भरे रास्तों से पैदल नही जाना पड़ेगा। लिपुलेख से कैलास मानसरोवर की दूरी बस अब 95 किमी रह जायेगी। वही सडक के बनने से दिल्ली से लिपुलेख की दूरी 750 किमी रह चुकी है।

वाहन दो दिन में पहुंच जाया करेंगे। यहां से दिल्ली 2780 किमी है। ये दूरी अब आसानी से हवाई व सड़क मार्ग से पूरी की जा सकती है। अब गर्बाधार लिपुलेख मार्ग से यात्रा करने में कम समय लगने के साथ ही खर्चे में कुछ राहत मिलेगी। रोड का डीपीआर साल 2005 में तैयार हो चुका था। साल 2005 में इसकी लागत कुछ कम थी। वही जानकारी के मुताबिक कठोर चटटानों के बीच मार्ग बनाने के लिए पोकलैड जेसीबी और स्टोन कटर को हेलीकाप्टर से पहुचाया गया था। 17 किमी की दूरी 24 महीने में पूरी करना साल 2020 अप्रैल माह में संभव हो पाया है।

त्रिकोणीय अंतराष्टीय सीमा पर सडक से क्षेत्र में तैनात भरत सीमा पुलिस और एसएसबी को बेहतर सुविधा मिलेगी। जहां पहले चीन सीमा में पहुचने में चार दिन लगते थे अब वहां पहुचने में महज एक दिन में सफर पूरा होने की राह आसान बन गई है।

अब धारचूला से लिपूलेख आसानी से पहुंचा जा सकता है। तिहतर साल बाद उच्च हिमालयी व्यास घाटी के सात गांवों के ग्रमीण पहली बार अपने गांवों को जाने के लिए वाहन मिल पायेगे। पहले इलाके के ग्रमीणों को मार्ग पार करने में तीन से पांच पडावों में पार करते थे अब महज दो घंटों के भीतर पूरा कर लेगे।

धरचूला से लिपुलेख तक सडक बनने का सपना सच होने से अलाके के लोगों में खासा उत्साह नजर आ रहा है। वर्ष 1962 के भारत चीन युद्व से पूर्व इन गांवों के ग्रमीण पूरी तरह तिब्बत व्यापार पर निर्भर रहते थे। बीते शुक्रवार का दिन जिले के लोगों के लिए बेहद ऐतिहासिक दिन रहा है। सड़क के बनने से जहां पर्यटन को बड़ावा मिलेगा वही दूसरी ओर इलाके के लोगों को रोजगार के साधन भी उपलब्ध हो पायेगे। माइग्रेसन में जाने वाले ग्रमीणों को सड़क बनने से आवाजाही में भी लाभ मिलेगा।

## न्यूज डायरी

### किशोरी से दुराचार करने वाला अधेड आया हिरासत मे

**संवाददाता** पिथौरागढ। किशोरी से दुराचार करने के मामले में एक अधेड को पुलिस ने हिरासत में लिया है। बता दें कि सीमांत तहसील मुंसयारी में चार रोज पूर्व एक किशोरी झुलस गई थी। जिसे उपचार के लिए जिला मुख्यालय के चिकित्सालय में लाया गया था। वही उक्त किशोरी की हालत गंभीर देखते हुए उसे हल्द्वानी रेफर कर दिया गया। वही पीडिता से पूछताछ में पता चला कि उसके ही पडोस के एक अधेड नाथू राम ने उसके साथ दुराचार किया झैर वह वहां से फरार हो गया। वही हल्द्वानी पुलिस ने जिला मुख्यालय का मामला बताकर मामला पिथौरागढ कोतवाली को हस्तांरित कर दिया। वही शुक्रवार की देर सांय जनपद की पुलिस अधीक्षक प्रीति प्रिर्यदर्शनी ने मुसयारी थाने की एसआई मनीषा सिह को मामलेकी विवेचना सौपी। वही विवेचना पूरी होने के बाद पुलिस ने आरोपी नाथूराम को पकडकर हिरासत में ले आई है।

### जिले में नही थम रहा पीडीएस राशन की कालाबाजारी

**संवाददाता** पिथौरागढ। जिले में लगातार पीडीएस सरकारी राशन के कालाबाजारी के मामले बढने में है। बता दें कि ऐसा ही मामला झूलाघाट कस्बे सिरकूच नामक गांव में सामने आया है। जानकारी के मुताबिक एसओजी प्रभारी हेम तिवारी की अगुवाई में बीते गुरूवार को पुष्कर चंद जामक दुकानदार के घर में छापेमारी की तो उनको वहा से छह कटटे चांवल व एक कटटा गेहूं बरामद हुआ। बता दें कि जिले में ये मामले पिछले कई दिनों से सामने आ चुके है। वही पकडे गये दुकानदार से कोई वैध कागज नही मिल पाये। जानकारी केमुताबिक पकडे गये दुकानदार को पकडे गये राशन के साथ झूलाघाट पुलिस को सौप दिया है।

### फोनपे से कैसे करें अपना बिजली बिल पेमेंट

**संवाददाता** देहरादून। फोनपे भारत में एक प्रमुख डिजिटल भुगतान मंच है। फोनपे का उपयोग करके, यूजर पैसे भेज और प्राप्त कर सकते हैं, मोबाइल रिचार्ज कर सकते हैं, डीटीएच डेटा कार्ड, उपयोगिता भुगतान कर सकते हैं और सोना खरीद सकते हैं। क्या आप जानते हैं कि फोनपे ऐप पर बिजली बिल पेमेंट करने में बस कुछ सेकंड लगते हैं? ऐसे शुरू करें यदि आपने पहले से फोनपे ऐप डाउनलोड नहीं किया है तो इसे डाउनलोड करें और नीचे दिए अनुसार आगे बढ़ें। फोनपे ऐप खोलें और रिचार्ज एंड पेबिल्स सेक्शन में बिजली पर क्लिक करें। ऑटोपे विकल्प बार–बार होने वाले बिल पेमेंट को सुविध ाजनक और परेशानी–मुक्त बनाने के लिए, ग्राहक फोनपे पर ऑटोपे विकल्प शुरू कर सकते हैं।



### मसूरी विस क्षेत्र में अब तक 2.85 लाख लोगों को मोदी किचन से दिया भोजनः जोशी

देहरादून। शनिवार को मसूरी विधायक गणेश जोशी ने डोभालवाला स्थित मोदी किचन में जरुरतमंद लोगों के लिए भोजन के पैकेट तैयार किये। विधायक जोशी ने बताया कि अब तक मसूरी विधानसभा क्षेत्र में पांच मोदी किचन के माध्यम से 2.85 लाख लोगों को भोजन उपलब्ध कराया जा चुका है। विधायक जोशी ने बताया कि शनिवार को मोदी किचन के माध्यम डोभालवाला में 550 पैकेट, गढ़ी कैंट में 570 पैकेट, राजपुर में 1000 एवं मसूरी में 800 पैकैट भोजन का वितरण किया गया। इस अवसर पर डीडी जोशी, अनुज रोहिला, विनय पाटनी, पार्षद नन्दनी शर्मा, हेमंत जोशी, राकेश, संदीप कोठारी, कुलदीप रावत आदि उपस्थित रहे।

# शराब के ठेकों को तत्काल प्रभाव से बंद किये जाने की मांग

**संवाददाता**

**शराब के चलते संक्रमण बढ़ने की आशंका को लेकर उक्रांद ने राज्यपाल को भेजा ज्ञापन**

देहरादून। लॉकडाउन के बावजूद भी पूरे राज्य में शराब के ठेकों पर दिखती अनियन्त्रित भीड़ व भविष्य में संक्रमण बढ़ने से चिंतित उत्तराखंड क्रांति दल के कार्यकर्ताओं ने जिला प्रशासन के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन प्रेषित करते हुए शराब के ठेकों को तत्काल प्रभाव से बंद किये जाने की मांग की है। शनिवार को दल के कार्यकर्ता जिलाधिकारी कार्यालय में प्रमिला रावत के नेतृत्व में इकटठा हुए और वहां पर उन्होंने प्रदर्शन किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि जिस प्रकार से वैश्विक महामारी कोरोना के द्वारा हमारे हमारे देश में कल तक 56342 मामले सामने आ चुके हैं, जिसमें से 1886 मौतें हो चुकी हैं, तथा हमारे राज्य में भी अभी तक 61 केस आ चुके हैं, जिससे एक मौत का मामला भी सामने आ चुका है, इतनी सावधानी से लॉकडाउन का पालन करने के पश्चात भी राज्य में भी मामले लगातार बढ़ ही रहे हैं।

वक्ताओं ने कहा कि लॉकडाउन एक व लॉकडाउन दो म राज्यवासियों ने अनुशासित होकर इस महामारी से लड़ने में पुलिस प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग के निर्देशों का पूर्ण रूप से पालन किया, लेकिन लॉकडाउन तीन में जिस प्रकार से राज्य सरकार द्वारा शराब के ठेकों को खोलने का शासनादेश जारी किया गया, उसका असर हम सभी ने कल देखा कि किस प्रकार से शराब के ठेकों के बाहर सभी जगह 3–4 किलोमीटर तक लम्बी कतारें लगी हुई थी, जिसमें अधिकांश वे लोग थे जो बिना मास्क लगाए थे, जबकि केंद्र सरकार ने मास्क ना लगाने पर जुर्माना भी लगाया है, इसके बावजूद नियमों की खुलेआम धज्जियाँ उड़ायी जा रही हैं। वक्ताओं ने कहा कि सोशल डिस्टेंस ना बनाए रखना तथा इतनी लंबी कतारें शराब के लिए देख कर लोगों में भी डर का माहौल है कि ना जाने कौन संक्रमित हो।

### उत्तराखंड महिला मंच का प्रदेश सरकार के खिलाफ प्रदर्शन

**संवाददाता** देहरादून। देवाल के ब्लॉक प्रमुख को बिना शर्त रिहा करने, जनप्रतिनिधियों के शराब बंदी आंदोलन को समर्थन देने और सम्पूर्ण उत्तराखंड में शराब की दुकानों को बंद किए जाने की मांग को लेकर उत्तराखंड महिला मंच ने प्रदेश सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए सामाजिक दूरी बनाते हुए धरना दिया। शनिवार को अजबपुर खुर्द सरस्वती विहार स्थित ई ब्लॉक में उत्तराखंड महिला मंच के कार्यालय में प्रदेश संयोजक कमला पंत के नेतृत्व में कार्यकर्ता इकटठा हुए और वहां पर प्रदर्शन करते हुए धरना दिया। इस अवसर पर कमला पंत ने कहा कि ब्लाक प्रमुख देवाल दर्शन दानू और उनके साथ अन्य जन–प्रतिनिधियों के द्वारा शराब के ठेके को बंद करने के लिए मांग करते हुए जनता की आवाज को शासन प्रशासन तक पहुंचाने के लिए शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन किया ऐसा करने पर वहां एसडीएम ने प्रदर्शनकर्ताओं को उठाकर जेल में बंद कर दिया। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड महिला मंच की समस्त सदस्य पूरी तरह से ब्लॉक प्रमुख दर्शन दानू के साथ हैं। उन्होंने कहा कि शराब के ठेकों को बंद करने के लिए हमें भी आंदोलन करना पड़ा तो आंदोलन करेंगी।